प्रस्ताव **36** कुछ विशिष्ट नशीले पदार्थों और चोरी के अपराधों के लिए घोर अपराधों के आरोप लगाने की अनुमति देता है और सज़ाओं को बढ़ाता है। पहल विधान।

## ★ प्रस्ताव 36 के पक्ष में तर्क ★

प्रस्ताव 36 पर हाँ: हमारे समुदायों को अधिक सुरक्षित बनाने और बार-बार अपराध करने वालों को जवाबदेह ठहराने के लिए कठोर कानून

California अपराध और फेंटानिल जैसे घातक नशे की तस्करी में भारी वृद्धि से जूझ रहा है। प्रस्ताव 36 उस गड़बड़ी को ठीक कर देगा जिसकी हमारे नेताओं ने बहुत लंबे समय से अनदेखी की है। यह एक ऐसा संतुलित नज़रिया है जो राज्य के कानून की उन खामियों को दूर करता है जिनका फायदा अपराधी फेंटानिल की तस्करी और खुदरा स्टोरों में बार-बार चोरी की घटनाओं को लेकर जवाबदेही से बचने के लिए उठाते हैं।

प्रस्ताव 36 पर हाँ: "तोड़-फोड़ करके की गई" चोरियों को रोकने के लिए ज़्यादा कड़े कानून

खुदरा स्टोर में चोरी में भारी वृद्धि के कारण समूचे California में स्टोरों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं, सामान को ताले में बंद करना पड़ा तथा अपने दरवाजे बंद करने पड़े हैं। प्रस्ताव 36 तोड़-फोड़ करके की गई चोरी के अपराधों के लिए तब दंड वृद्धि करता है, जब तीन या अधिक लोग एक साथ मिलकर चोरी करते हैं। यह अभियोक्ताओ को इसकी भी अनुमति देता है कि यदि किसी प्रतिवादी पर चोरी के दो या अधिक मामले दर्ज हों, तो वे उसके विरुद्ध घोर अपराध के आरोप दाखिल कर सकते हैं।

"तोड़फोड़ करके होने वाली चोरियों के विरुद्ध California को प्रस्ताव 36 के अधिक कड़े कानून की ज़रूरत है ताकि हम हर समुदाय में छोटे व्यवसायों को खोले रह सकें।"—Robert Rivinius, कार्यकारी निदेशक, California का पारिवारिक व्यवसाय संघ

प्रस्ताव 36 पर हाँ: लगातार चोरी करने वालों के खिलाफ और सख्त अभियोजन

California के मौजूदा कानून के तहत, यदि किसी मामले में चोरी की गई वस्तु का मूल्य $950 या उससे कम है, तो चोर ट्रैफिक टिकट के बराबर का जुर्माना देकर बच सकते हैं। इसका मतलब है कि कोई व्यक्ति असीमित राशि की चोरी कर सकता है—बशर्ते हर अलग-अलग अपराध $950 डॉलर से अधिक का न हो—और संभवतः जेल जाने और यहाँ तक कि गिरफ्तारी से भी बच सकता है।

"प्रस्ताव 36 अभियोक्ताओं को कई चोरियों से चुराई गई वस्तुओं के मूल्य को एक में जोड़ने और सिलसिलेवार चोरों की जवाबदेही बढ़ाने की अनुमति देगा।"—Mike Hestrin, Riverside काउंटी ज़िला वकील

प्रस्ताव 36 पर हाँ: फेंटानिल तस्करी पर और कठोर दंड

California में फेंटानिल चोटी की हत्यारी नशीली दवाओं में शामिल है, कार दुर्घटनाओं के मुकाबले इसके नशे की ओवरडोज से कहीं ज़्यादा युवा अपनी जान गंवा रहे हैं। अभी तक, फेंटानिल को मेथामफेटामीन, हेरोइन, PCP और कोकेन के मुकाबले कम गंभीरता से लिया जाता है, तब भी जब अपराधी किसी घातक हथियार से लैस हों। प्रस्ताव 36 बड़ी माला में नशीले पदार्थों की तस्करी करने पर और तस्कर द्वारा बेचे गए नशे का सेवन करके किसी व्यक्ति के मर जाने की स्थिति में दंड बढ़ाकर इस लूपहोल को बंद कर देगा।

"फेंटानिल ने बहुत से लोगों की जान ली है, फिर भी तस्कर इस अपराध के परिणामों से बच निकलते हैं। हमें प्रस्ताव 36 की ज़रूरत है ताकि किसी भी माता-पिता को फेंटानिल विषाक्तता से मारे गए किसी और बच्चे को दफ़नाना न पड़े।"—Gina McDonald, सह-संस्थापक, Mothers Against Drug Addiction and Deaths

प्रस्ताव 36 पर हाँ: पेशेवर अपराधियों को जवाबदेह ठहराए और नशा उपचार की आवश्यकताओं को लागू करें

California में, आपराधिक न्याय सुधारों ने निष्पक्षता को बढ़ाया है और इससे कैद की दरों में कमी आई है। लेकिन इन नीतियों के नशे के सेवन, तस्करी और बार-बार होने वाली खुदरा चोरी जैसे अनपेक्षित परिणाम महामारी की तरह सामने आए हैं, क्योंकि इन अपराधों को करने वाले लोगों को कोई भी गंभीर परिणाम नहीं भुगतना पड़ता है।

"प्रस्ताव 36 हमारी न्याय प्रणाली को निष्पक्ष बनाएगा और लोगों को उनके अपराधों के लिए जवाबदेह ठहराने की खातिर कारगर औज़ार तैयार करेगा तथा नशे की लत से पीड़ित लोगों को नई ज़िंदगी का सफर शुरू करने के लिए ज़रूरी उपचार दिलाने में मददगार बनेगा।"—पादरी Jonathan Moseley, पश्चिमी क्षेत्र निदेशक, National Action Network Los Angeles

California के कहीं अधिक सुरक्षित समुदायों के पक्ष में प्रस्ताव 36 पर हाँ में मतदान करें

प्रस्ताव 36 "तोड़फोड़ करके की गई" चोरी और फेंटानिल तस्करी को लेकर California के कानूनों को और सख्त बनाएगा। इसीलिए छोटे कारोबार, कानून प्रवर्तन, सामाजिक न्याय, अपराध पीड़ित, और नशे से छुटकारा पाने वाले लोग 900,000 California वासियों के साथ प्रस्ताव 36 के समर्थन में हैं।

इसे *VoteYesProp36.com* पर खुद पढ़ें।

**Gregory Totten**, मुख्य कार्यकारी अधिकारी
California ज़िला अटॉर्नी संगठन

**Harriet Salarno**, संस्थापक
अपराध पीड़ित एकजुट

**Michael Hedges**, प्रेज़ीडेंट
California लघु व्यवसाय संघ

## ★ प्रस्ताव 36 के पक्ष में तर्क का खंडन ★

36

खुदरा स्टोरों में चोरी और फेंटानिल असल समस्याएं हैं। California वासी इनके असली समाधान के हकदार हैं। प्रस्ताव 36 एक झूठा वादा है, यह कोई समाधान नहीं है।

प्रस्ताव 36 नशीले पदार्थों पर असफल हो चुके संघर्ष को फिर से हवा देगा, वहीं अपराध की रोकथाम, उपचार, पीड़ितों तथा पुनर्वास के लिए बेहद ज़रूरी वित्तपोषण में कमी करके जेलों और कारावासों पर कई बिलियन धन की बर्बादी करेगा। इसका मतलब होगा और अधिक अपराध, न कि कम।

प्रस्ताव 36 सिर्फ अपने पास नशीली दवा रखने को ही घोर अपराध बना देता है, जिससे अपराध में बगैर किसी कमी के जेल की सजा की कीमत के रूप में करदाताओं को कई बिलियन डॉलर चुकाने पड़ते हैं। निर्दलीय विधायी विश्लेषक के कार्यालय ने निष्कर्ष निकाला है कि राज्य को अगले कुछ वर्षों के दौरान जेलों पर कई बिलियन डॉलर और ज़्यादा खर्च करने पड़ेंगे। इसका मतलब है स्कूलों, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य आवश्यक सेवाओं में कहीं बड़ी कटौती।

यह विधेयक इतने खराब ढंग से तैयार किया गया है कि इससे बस न्यायालयों में भ्रम की स्थिति पैदा होगी और इसका नतीजा खुदरा स्टोरों में चोरी के कई मामलों में दंड वृद्धि कतई नहीं होगा।

बीते दो वर्षों में, राज्य के नेताओं ने खुदरा स्टोरों में चोरी के मुकदमों और फेंटानिल तस्करी के लिए वित्तपोषण बढ़ाया, जिसके चलते ज़्यादा संख्या में अपराधियों को दोषी ठहराया गया। कानून व्यवस्थापकों ने खुदरा चोरी के गिरोहों, गैरकानूनी ऑनलाइन बाजारों और फेंटानिल को निशाना बनाते हुए नए कड़े कानून पारित करना जारी रखा है।

California का कानून पहले से ही तोड़फोड़ करके की गई लूटपाट, नशीले पदार्थों की तस्करी और बार-बार की चोरी के लिए घोर अपराधों का आरोप आवश्यक बनाता है, और इन गंभीर अपराधों के लिए कठोर दंड लगाए जा सकते हैं। कोई लूपहोल नहीं है—मौजूदा कानून के अंतर्गत, फेंटानिल तस्कर और बार-बार चोरी करने वाले सलाखों के पीछे कई साल बिता सकते हैं तथा उन्हें बिताना भी पड़ता है। प्रस्ताव 36 कुछ भी ठीक नहीं करता—यह तो उपचार और रोकथाम का वित्तपोषण करने के बजाय जेलों पर पैसे उड़ाता है। यह California को पीछे धकेलता है, न कि आगे ले जाता है।

झूठे समाधानों के झांसे में न आएं। प्रस्ताव 36 पर नहीं में मतदान करें।

**Cristine Soto DeBerry**, कार्यकारी निदेशक
अभियोक्ता गठबंधन कार्रवाई

**Don Frazier**, कार्यकारी निदेशक
California का पुनर्प्रवेश प्रदाता संघ

**David Guizar**, सह-संस्थापक
सुरक्षा और न्याय के लिए अपराध उत्तरजीवी



इस पृष्ठ पर छपे तर्क लेखकों की निजी की राय हैं, और किसी भी आधिकारिक एजेंसी द्वारा इनकी सटीकता की जाँच नहीं की गई है।

## ★ प्रस्ताव 36 के विरुद्ध तर्क ★

प्रस्ताव 36 पर नहीं में मतदान करें! यह बर्बादी वाला दृष्टिकोण है जो California को कम सुरक्षित बनाता है। प्रस्ताव 36 एक अतिवादी विधेयक है, जो करदाताओं के $750 मिलियन बर्बाद कर डालेगा; मानसिक स्वास्थ्य, नशीली दवाओं के उपचार और पुनर्वास प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण में कटौती करेगा; और हमें ज़्यादा सुरक्षित बनाने के लिए कुछ भी नहीं करेगा।

प्रस्ताव 36 तो गलत उत्तर है। हमें फेंटानिल का सेवन रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार लाने के लिए उपरोक्त सभी दृष्टिकोण अपनाने ही होंगे, लेकिन प्रस्ताव 36 इसके ठीक उलट है। यह सभी स्थितियों में उपयुक्त-जेल सबसे पहले वाला नज़रिया है। यह उन लोगों को जेल में डाल देगा जिनसे कोई खतरा नहीं हैं, सख्त ज़रूरत वाले प्रमाणित अपराध रोकथाम और उपचार प्रोग्रामों के लिए धन की कटौती करेगा, तथा करदाताओं को जेलों पर और सैकड़ों मिलियन डॉलर की कीमत चुकानी पड़ेगी।

प्रस्ताव 36 बहुत अतिवादी है। प्रस्ताव 36 इतना अतिवादी है कि कैंडी बार चुराने पर ही घोर अपराध के आरोप लग सकते हैं। यह एक ऐसा घनघोर अतिक्रमण है जो 1980 के दशक की "ड्रग वॉर" वाली उस रणनीति को वापस लाता है, जिसके तहत हमारे राज्य की जेलें नशे से जुड़े मामूली अपराधों के दोषी लोगों से भर दी जाती थीं, जिससे सार्वजनिक सुरक्षा को चोट पहुंचती थी तथा परिवारों और समुदायों को काफी नुकसान होता था।

हमें चोरी और फेंटानिल जैसी लगातार बनी रहने वाली समस्याओं का समाधान करना ही होगा, लेकिन इनके लिए हमें ऐसे समाधानों का इस्तेमाल करना होगा जो कारगर हों और अतीत के टूटे-फूटे असफल समाधानों पर ध्यान देने के बजाय असल समस्या पर फोकस करें। सिर्फ नशीले पदार्थ अपने पास रखने को भी घोर अपराध बनाने वाले इस विधेयक से हजारों लोगों को राज्य की जेल में जाना पड़ेगा, जो जेलों की लागत बढ़ाएगा तथा स्थानीय सुरक्षा प्रोग्रामों के लिए वित्तपोषण में कटौती करेगा। इससे तो अपराध बदतर ही होगा, बेहतर नहीं।

प्रस्ताव 36 अपराध पीड़ितों, पुनर्वास और मानसिक स्वास्थ्य पर लगने वाले पैसे छीन लेता है। प्रस्ताव 36 अपराध पीड़ितों के पुनर्वास और सेवाओं पर खर्च किए जाने वाले समर्पित निधिकरण से लाखों लोगों को वंचित कर देगा, और इसके बजाय राज्य जेलों के बजट को बढ़ा देगा।

प्रस्ताव 36 के पारित हो जाने पर वे स्थानीय सार्वजनिक सुरक्षा कार्यक्रम अपना मिलने वाला निधिकरण गंवा बैठेंगे, जो अपराध की रोकथाम और लोगों की जेलों में आवाजाही के चक्र को रोकने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। इनमें प्रभावी अपराध पुनरावृत्ति न्यूनीकरण कार्यक्रम शामिल हैं, जो कि मानसिक स्वास्थ्य और नशे की लत से जूझ रहे लोगों को सड़कों से उठाकर उपचार प्रदान करते हैं, साथ ही अपराध पीड़ितों के लिए आघात से बहाली वाले केंद्र और जोखिम वाले बच्चों और किशोरों की स्कूल अनुपस्थिति और स्कूल छोड़ने की रोकथाम प्रदान करने वाले प्रोग्राम भी शामिल हैं। इन प्रोग्रामों का अपराध रोकने का एक प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड है। हमें कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करने वाले ऐसे और अधिक प्रोग्रामों की ज़रूरत है, न कि कम। यह विधेयक सिर्फ और अधिक लोगों को राज्य की जेल में बंद करता है।

प्रस्ताव 36 को MAGA-रिपब्लिकन आगे बढ़ा रहे हैं। इसके झाँसे में न आएँ। कानून प्रवर्तन के अगुवा, अपराध पीड़ित और पुनर्वास विशेषज्ञ प्रस्ताव 36 का विरोध करते हैं क्योंकि यह सार्वजनिक सुरक्षा, पीड़ितों और उन उपचार प्रोग्रामों के लिए धन में कटौती करता है जो बार-बार होने वाले अपराधों को रोकते हैं।

अपराध, खर्च और आपराधिक न्याय के विशेषज्ञ इस पर सहमत हैं: प्रस्ताव 36 हमारे समुदायों को ज़्यादा सुरक्षित नहीं बनाएगा। प्रस्ताव 36 आप करदाताओं के कई मिलियन डॉलर उन तरीकों पर बर्बाद कर देगा जो अब तक अकुशल और अप्रभावी साबित हुए हैं।

*प्रस्ताव 36 के पक्ष में मतदान करना उपचार और पीड़ितों के लिए वित्तपोषण में कटौती करने तथा करदाताओं के पैसे की बर्बादी के लिए मतदान होगा। प्रस्ताव 36 पर नहीं में मतदान करने से नशीले पदार्थों की तस्करी और संगठित अपराध के लिए गंभीर दंड की व्यवस्था बरकरार रहती है, तथा उपचार, अपराध की रोकथाम और पुनर्वास के लिए समर्पित वित्तपोषण का बचाव होता है, जिससे कि अपराध और अपराध पुनरावृत्ति को सफलतापूर्वक घटाया जा सकता है।*

*प्रस्ताव 36 पर नहीं में मतदान करें*

अधिक जानकारी: *StopProp36.com*

**Diana Becton**, ज़िला वकील
Contra Costa काउंटी

**William Lansdowne**, पुलिस प्रमुख (रिटायर्ड)
San Diego शहर

**Jess Nichol**, पीड़ित अधिवक्ता
सुरक्षा और न्याय के लिए अपराध उत्तरजीवी

## ★ प्रस्ताव 36 के विरुद्ध तर्क का खंडन ★

प्रस्ताव 36 पर हाँ: बढ़ते अपराधों का संतुलित, ज़िम्मेदार समाधान

California में गंभीर अपराध की समस्या है और राजनेता इसका समाधान करने में नाकाम हुए हैं। प्रस्ताव 36 विशेष रूप से तैयार किया एक ऐसा सुधार है जो बढ़ते अपराध के मूल कारणों पर केंद्रित है: • खुदरा स्टोरों में बार-बार चोरी • फेंटानिल की तस्करी • उपचार के लिए प्रोत्साहन के बिना नशे की लत

प्रस्ताव 36: California के अपराध संकट पर लक्षित प्रतिक्रिया

प्रस्ताव 36 तोड़-फोड़ करके की गई चोरी और कारोबारों को बार-बार शिकार बनाने वाले सिलसिलेवार चोरों के लिए दंड में वृद्धि करता है। किसी को भी "कैंडी बार चुराने," के लिए जेल नहीं भेजा जाएगा, तथा न्यायाधीशों को सजा सुनाने के लिए अपराध की गंभीरता का आकलन करने का विवेकाधिकार दिया गया है। प्रस्ताव 36 का परिणाम अत्यधिक कैद के रूप में नहीं होगा।

प्रस्ताव 36: नशे की लत के उपचार का स्मार्ट तरीका

प्रस्ताव 36 नशे का सेवन करने वालों को अपने आप जेल में नहीं डालता। इसके बजाय, यह नशारोधी न्यायालयों को बहाल करता है, तथा तीन बार दोषी ठहराए गए अपराधियों को नशे का उपचार पूरा करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करता है।

प्रस्ताव 36: उपभोक्ताओं और करदाताओं के लिए बचतें

2022 में California के छोटे कारोबारों और स्टोरों ने चोरी से करीब $9 बिलियन डॉलर गंवाए। बार-बार चोरी करने वाले अपराधियों के छोटे समूह को निशाना बनाने से उपभोक्ताओं को भारी बचत होगी। CDC के अनुसार, नशे की लत का उपचार करना गैरकानूनी नशीली दवाओं के सेवन और ओवरडोज से निपटने का एक स्मार्ट तरीका है, जिसके चलते अकेले ओपिओइड के लिए California को हर साल $60 बिलियन की कीमत चुकानी पड़ती है।

प्रस्ताव 36: ज़्यादा कठोर दंड और जवाबदेही

हमें नेताओं को यह नहीं बताने देना कि California की अपराध समस्या का कोई अस्तित्व नहीं है। प्रस्ताव 36 लक्षित अपराधों के लिए कहीं अधिक कठोर दंड तथा सार्वजनिक सुरक्षा के लिए असल जवाबदेही को लेकर एक स्मार्ट, संतुलित और ज़िम्मेदारी भरा नज़रिया है।

पढ़ें कि प्रस्ताव 36 को डेमोक्रेट और रिपब्लिकन, छोटे कारोबार, मेयर, सामाजिक न्याय और पीड़ितों के समूहों तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों का क्यों समर्थन प्राप्त है

*VoteYesProp36.com*

**Robert Rivinius**, कार्यकारी निदेशक
California का पारिवारिक व्यवसाय संघ

**Jay King**, प्रेज़ीडेंट
California ब्लैक चैंबर ऑफ कॉमर्स

**Greg Van Dyke**, प्रेज़ीडेंट
California सामर्थ्य और सुरक्षा उपभोक्ता अधिवक्ता

36